॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

प्रभु! आप कैसी मेरी पवित्र माँ हैं। हे माँ! तू कितनी भोली है, तू कितनी पवित्र है। हम तेरे आङ्गन में आते हैं, तू विष्णु रूप से भी कहलाई गई है। शक्ति रूपों से भी तेरा प्रतिपादन किया गया है। माँ! तू कितनी भोली है। जब हम तेरे आङ्गन में आते हैं, तो ज्ञान और विवेक से युक्त होकर के आते हैं, माँ! वास्तव में तू हमारे हृदय का भरण कर देती है। तू, कैसी महत्ती है। तू कैसी ममतामयी है, बालक क्षुधा से पीड़ित हो रहा है, माँ तू उसे लोरियों का पान कराती हुई, उसकी क्षुधा और पिपासा को शान्त कर देती है। इसी प्रकार हे माँ! मैं तेरे द्वार पर, विवेकी बन करके आना चाहता हूँ। मुझे शक्ति दे, बल दे, ओज दे, तेज दे। जिससे माता मैं तेरी उस महान् ज्योति का दर्शन कर सकूँ। तेरी जो महान् ज्योति है, तेरी जो करूणामयी ज्योति है जिस करूणा से हे विष्णु! आप संसार का लालन पालन करते हैं। मैं भी तेरे द्वार पर आना चाहता हूँ। उस पिपासा में मैं रमण करना चाहता हूँ जिस पिपासा के लिए सदैव मानव अपने में ही परणित हो जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 579 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 654
वर्ष : 49 44 समग्र वर्ष : 55

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. याग का स्वरूप	पूज्यपाद-गुरुदेव एवं महर्षि महानन्द जी महाराज	5-19
4. महर्षि भारद्वाज श्वेताश्वेतर	पूज्यपाद-गुरुदेव	20-35
5. ऋषियों के उद्‌गार		36
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		37-42

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेद मन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को निरन्तर प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है–

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.) PAN No. – AAAAV7866J
पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली
बैंक खाता नं. 0149000100229389, IFS Code - PUNB 0014900

शृङ्गीऋषि बेवसाईट

Website : www.shringirishi.in
Email : contact@shringirishi.in

॥ ओ३म् ॥

याग का स्वरूप

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं और उसका ज्ञान और विज्ञान भी अनन्तमयी माना गया है। और वे यज्ञोमयी स्वरूप हैं। मानो याग उसका आयतन है, उसका ग्रह है, उसका सदन है, और वह उसी में वास करने वाला है। तो इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महती अथवा उसके गुणों का हम सदैव गुणवादन करते रहें। क्योंकि नाना देवताओं के द्वारा और अपने में देवत्व भाव को हम स्थापित करें। क्योंकि जब तक हम देवताओं के भाव और उनके क्रियाकलापों को अपने में धारण नहीं करेंगे तो हम देवत्व को प्राप्त नहीं हो सकते। इसीलिए हमें देवता बनना है और देवता वह कहलाता है जो देवत्व, जो परमपिता परमात्मा के निकटतम रहने वाला है अथवा उसे देवता कहते हैं। जो निरभिमानी है और वह चेतना के ऊपर मानो अपने में धारयामि बना रहता है। और चेतना में ही मानो वो रत्त रहता है और उसे देवत्व कहते हैं। मेरे प्यारे! यहाँ प्रत्येक मानव जब देवत्व को प्राप्त हो जाता है तो ये परमात्मा का ये अनुपम एक महान् और पवित्रता में रत्त होने लगता है। तो इसीलिए हम इन देवत्व को ऊर्ध्वा में ही ले जाने के लिए हम सदैव तत्पर रहें।

देवताओं की उपासना

आज का हमारा वेद मन्त्र यहाँ देवताओं की उपासना कर रहा है।

यहाँ वेद का मन्त्र कहीं से हमें ये प्रेरित कर रहा है क्या याग के सम्बन्ध में अपने विचार दिए जाएँ। क्योंकि **''यागाम् भवितम् ब्रह्मणम् ब्रव्हे यागाः''** मानो ये संसार एक प्रकार की यज्ञशाला है और यहाँ प्रत्येक याज्ञिक बन करके आया है। इसीलिए वेद मन्त्र कहता है, **मानव को याग करना चाहिए, देवताओं की पूजा करनी चाहिए।** और देवताओं की पूजा का अभिप्रायः यह कि वह देवता जिसकी हम पूजा करना चाहते हैं उसके गुणों को अपने में धारण करते रहें। तो वह देवताओं की पूजा कहलाती है। मानो देखो, यह आपोमयी जल का स्त्रोत है। और ये जल मानो प्राणों का एक महान् स्त्रोत माना गया है। तो मुनिवरो! देखो, वह प्राणम् ब्रह्माः प्राण के लिए जब उसका उपयोग करते हैं तो वो देवता कहलाता है। इसी प्रकार वायु ''अमृतम् देवाः'' बेटा! ये वायु अपने में देवत्व को धारण कर रही है और ब्रह्माः देखो अग्नि में ''प्रणः चक्षुः वृतम् देवत्वाम्''। मानो ये जो अग्नि देवता की उपासना मानो हम अपने में ब्रह्म ज्ञान के द्वारा और भौतिक जगत में मानो देखो, उसका उपयोग करते हुए हमें प्रायः देवत्व को प्राप्त करना चाहिए।

याग की प्रेरणा

मुनिवरो! देखो, ये याग हो रहा है। ये संसार जितना भी एक प्रकार का ये नृत हो रहा है और ये हमें दृष्टिपात आ रहा है तो ये सर्वत्र मानो एक प्रकार की यज्ञशाला है। मैंने यज्ञशाला के सम्बन्ध में कई प्रकार के तुम्हें विचार दिए हैं। हमारे यहाँ देखो महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज के यहाँ भी नाना प्रकार के यागों का चयन होता रहा है। वह प्रातःकालीन जब अपने ब्रह्मचारियों सहित अपनी यज्ञशाला में याग करने के लिए उपस्थित रहते और अग्न्याधान करते हुए, मुनिवरो! उसमें चरु का मानो प्रवेश कराते हुए–वह अग्नि ''अमृतम् ब्रह्माः'' वह अग्नि उस चरु को अमृत बना देती है और वह मानो प्रसारण कर देती है। अग्नि मानो विभक्त क्रियाओं में निष्पूर्ण कहलाती है। तो मेरे प्यारे! देखो, यागमय ब्रह्मणेः वृत्तम्, आचार्यों ने

बड़ी विचित्रता का एक वाक्य कहा। ब्रह्मचारी क्योंकि अपने में महान् बना करते हैं और ब्रह्मचारी वह जो ब्रह्म और चरि को जान करके मृत्यु को अपने आङ्गन से दूरी कर लेते हैं। तो मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्मचारियों ने कहा, हे प्रभु! हम याग किस प्रकार करें? तो महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा, क्या हे ब्रह्मचारियों तुम्हारे द्वारा नाना साकल्य हो, गोघृत हो और मानो समिधाओं का विशुद्ध रूप से निर्माण होना चाहिए। और उसकी स्थलियों मानो यजमान हो। अध्वर्यु, उद्गाता ब्रह्मा इत्यादियों का निर्वाचन हो। जब तुम याग करो। ये याग अपने में पूर्ण कहलाता है।

समिधाओं के द्वारा याग

मेरे प्यारे! ब्रह्मचारियों ने कहा, हे प्रभु! हम ब्रह्मचारी हैं और कहीं ऐसा अवसर हो जाए कि हम इन समिधाओं को एकत्रित न कर सकें तो याग कैसे करें। उन्होंने कहा, उस समय याग तुम, मानो अग्नि को प्रदीप्त करके अग्नि में समिधाओं के द्वारा प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, इस प्रकार तुम प्राणों की हवि प्रदान करो। मानो पवमान से अपनी आहुति प्रदान करो। जिससे मानो देखो अग्नि प्रचण्ड हो करके अग्नम् ब्रह्माः और वह याग कहलाता है। क्योंकि अग्नि स्त्रोत है और इस अग्नि को जानने वाला मानो मुनिवरो! देखो एक महान् और पवित्रता की आभा में परणित हो जाता है। ये अग्नि ही मानो देखो कन्या याग का स्त्रोत कहलाती है। तुम्हें ये प्रतीत है कि कन्या के ''अस्सुतम् वृद्धम् भवे क्रतम्''—तो वेद का एक वाक्य कहता है, क्या ये जो कन्या है, पहले द्युलोक में रहने वाली मानो देवताओं के लोक में रहती है तो देवताओं के लोक से ये पितर लोक में चली जाती है। और पितर लोक में जा करके मानो देखो कुलाधिपति को प्राप्त हो जाती है और वहाँ इसे याग करने का अधिकार प्राप्त होता है। और वह जो याग का अधिकार प्राप्त होता है यह अधिकार ''भूतम् ब्रव्हे वृतम्'' मानो देखो उस समय ये उस **सन्तान उत्पन्न करने का नाम याग माना गया है।** हमारे यहाँ याग का एक बड़ा व्यापक शब्द है और याग

अपने में अद्वितीय एक मानो देखो, एक अपने में महत्त्वदायक। तो ऋषि कहता है, क्या उस समय वो याग करने वाली वो अपने अन्तरात्मा की अग्नि को, अन्तर्हृदय की अग्नि को जागरूक करती है। और उसी जागरूकता से मानो देखो, अपने में याग करने का उसे अवसर प्राप्त होता है। क्या हमारे यहाँ प्रत्येक वस्तु को याग के रूप में परणित किया है। याग के ही रूप में हमें दृष्टिपात आता रहता है। वेद का ऋषि कहता है याज्ञवल्क्य, हे ब्रह्मचारियों! तुम अग्नि को चेतन्य करो और अग्नि के द्वारा मानो देखो व समिधाओं के द्वारा याग करो। जैसे मानो देखो आत्मा का, **आत्मा की जो समिधा है, वह मुनिवरो! देखो ज्ञान है।** उसी में वो पनपता रहता है। हृदय में ज्ञानरूपी अग्नि को प्रदीप्त करना है। और माता को अपने हृदय में मानो देखो एक ऐसी अग्नि को प्रदीप्त करना है जिस अग्नि में हम याग कर सकें, हवि दे सकें। और उग्रता उसमें ला सकें जिससे देखो हमारा याग सम्पन्न हो जाए।

जल के द्वारा याग

मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने जब ऐसा कहा तो ब्रह्मचारियों ने कहा, हे प्रभु! हम जानना चाहते हैं जब मानो देखो जब कहीं अग्नि व समिधा भी प्राप्त न हों तो देखो हम याग कैसे करें? तो उन्होंने कहा, हे ब्रह्मचारियों! यदि मानो देखो इस प्रकार की हवि तुम्हें प्राप्त न हो, साकल्य और देखो समिधा भी न हो, तब तुम मानो देखो जल के द्वारा याग करो। यह जल अमृत है। और यही जल है, मानो देखो जब यजमान अपनी यज्ञशाला में विद्यमान होता है तो वो तीन आचमन करता है। और तीन आचमनों से मुनिवरो! देखो वो संसार की सम्पदा को प्रभु से इच्छित करता रहता है और वह कहता है, हे प्रभु! मुझे अमृत भी प्राप्त हो, मुझे श्री भी प्राप्त हो, मुझे यश भी प्राप्त हो। मुझे संसार की सर्वसम्पदा मुझे प्राप्त हो जाएँ। तो ऐसा मानो देखो वह अपने में उद्गीत गाता हुआ यजमान कहता है, हे प्रभु! यही तो आपोमयी ज्योति है। यही तो जल है। जब मैं माता के गर्भस्थल में

विद्यमान था तो माता के गर्भस्थल में मानो देखो, यही जल ओढ़न था। और यही बिछौना था। और यही मानो देखो पासे बने हुए और मैं मेरा देखो, अन्तरात्मा मेरा ब्रव्हे, मैं शिशु उसी में वास कर रहा था। मेरी भोली माता को ज्ञान नहीं था क्या वो कितनी जल की आवश्यकता है। और जल मानो देखो पासे, ओढ़न और आसन बना हुआ है। उसी जल में मैं विद्यमान व आपोमयी रहा हूँ। हे प्रभु! ''आपम् ब्रह्मेः क्रतम्'' मानो देखो, वही तो आपो कहलाता है। तो मुनिवरो! देखो उस समय वो तीन आचमन करता है। वह कहता है, ऋषि कहता है हे ब्रह्मचारियो! तुम मानो यदि अग्नि न हो तो इसीलिए आपो (जल) के द्वारा तुम याग करो। और ये कहो कि प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा, तो ''उदानम् ब्रह्मेः क्रतम्'' मानो इस प्रकार का तुम स्वाहा उच्चारण करते रहो। ये आपो ही मानो देखो तुम्हारा जीवन है, ये प्राणवर्धक है। मुनिवरो! देखो, जब स्थावर सृष्टि को जल प्राप्त नहीं होता तो उस समय आपो ही तो उसमें प्राण देता है। आपो ही प्राण का सञ्चार करता है। और वह आपो ही प्राण का सञ्चार करके मानो देखो वह विशस्तुते और वह अपने में मानो देखो, जलतर में परणित हो जाता है। तो विचार आता रहता है, यह आपो ही तो है। हे ब्रह्मचारियों! आपो ही प्राण का उद्गीत गाने वाला है। जब मुनिवरो! देखो, प्राण सूखने लगता है, जब प्राण जाने लगता है तो आपो की आवश्यकता होती है उस समय प्राण स्वतः स्थापित हो जाता है। तो मानो देखो, वह आपोमयी जल कहलाता है। यह आपो ही जो मेरे प्यारे! देखो, मानव शरीर को पिण्ड रूप में परणित कर देता है। यह जो पिण्ड बनता है यह आपो के ही रूप में बनता है। और आपो ही इसे बनाता, निर्माणित करता रहता है। माता के गर्भस्थल में यदि वह आपो नहीं होगा तो पिण्ड नहीं होगा। मेरे प्यारे! यदि ग्रह का निर्माण करते समय यदि आपो (जल) नहीं होगा तो ग्रह का पिण्ड नहीं बनेगा। हमने बाह्य पिण्ड को, बाह्य ग्रह का ही निर्माण कर सकते हैं व आन्तरिक जगत में ही मानो अपने शरीर रूपी ग्रह का निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि माता के गर्भस्थल में आत्मा के ग्रह का निर्माण होता

है। और ये जो मानव अपना निर्माण करता है बाह्य जगत में तो ये मुनिवरो! देखो, अपने शरीर को, अपने शरीर की रक्षा के लिए मुनिवरो! देखो, ग्रह का निर्माण करता है। तो इसी प्रकार यह निर्माण बिना आपो के नहीं हो सकता। इसीलिए आपो ही प्राण का प्रतिनिधि कहा है। इसीलिए आपो के ऊपर हमें विचार-विनिमय करना चाहिए।

मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने जब इस प्रकार वर्णन किया। ''आपाम् ब्रह्मणेः आपम् ब्रव्ही क्रतम्'' क्या ये आपो ही तो मुनिवरो! देखो प्राण का वर्धक है। मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने ये कहा तो मेरे प्यारे! ब्रह्मचारी जब बोले कि प्रभु कहीं ऐसा हो, क्या ये आपो भी हमें प्राप्त न हो तो हम मानो याग कैसे करेंगे? उन्होंने कहा, ये मानो देखो आपो भी न हो तो तुम मानो शान्त मुद्रा में मुद्रित हो जाओ और शान्त मुद्रा में मुद्रित हो करके प्राणों के ऊपर अध्ययन करो। और ये कहो कि प्राणाय स्वाहाः क्योंकि **स्वाहा तो मानो देखो, इस संसार की आत्मा है, यज्ञ की आत्मा है।** मानो देखो, यज्ञ का जो आत्मा, जो स्वाहा है, वही तो तुम्हें उच्चारण करना है। जिससे मानो देखो प्राणाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा और व्यानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा। ये जो स्वाहा कह करके जब व्यान की आहुति देता है तो मेरे प्यारे! देखो पवमानाय आभा में परणित हो जाता है।

विचार आता रहता है ऋषिवर ''अमृतम् ब्रह्मेः क्रमत'' वह अमृत है। मुनिवरो! देखो वही तो अपने में धारण करता रहता है। मेरे प्यारे! देखो, प्रत्येक रूढ़ियों के विषयों को जानना है। और प्रत्येक इन्द्रियों के विषयों को जान करके बेटा! देखो, घ्राण से मन्द सुगन्ध को लेना है। और मुनिवरो! देखो रसना से रसों को लेना है और त्वचा से मुनिवरो! देखो वह स्पर्शता को ले करके उनका साकल्य बनाता है। और उनको विचारते-विचारते बेटा! अन्तिम चरम सीमा पर चला जाता है। क्या मुनिवरो! देखो, वही तो अग्नि स्वरूप बना हुआ है। नेत्रों से अग्नि झर रही है और श्रोत्रों के शब्द झर रहा है। मेरे प्यारे! घ्राण इन्द्रियों से मन्द सुगन्ध झर रही है। और मुनिवरो! देखो

रसना से रसों का, रसों का स्वादन लिया जा रहा है, वह भी झर रहा है। जैसे मेघों से वर्षा झरने लगती है और वो नाना प्रकार की मानो वनस्पतियों को जन्म देती है और नाना प्रकार के व्यञ्जनों वाली बन जाती है। इसी प्रकार मुनिवरो! देखो अपने में, अपनेपन में ही वो दृष्टिपात करने लगते हैं।

मेरे प्यारे! देखो, ये कैसा विचित्र, मेरे प्यारे! प्रभु का नृत हो रहा है, कैसी विचित्रता में मानो देखो, हम इस संसार को, मानवीयता को दृष्टिपात कर रहे हैं। तो मेरे प्यारे! देखो, ''यागाम् ब्रह्मेः'' वेद के ऋषि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने, ब्रह्मचारियों को उपदेश देते हुए कहा, क्या इसी को तुम्हें विचारना है। मानो देखो, ये तुम्हारा याग है और यहीं तुम याग में परणित हो जाओ। मानो देखो, इसमें से तीन आभा को लेना प्रारम्भ करो। जब वैज्ञानिकजन, इस याग में परणित हो जाते हैं तो तीन प्रकार के मानो परमाणुओं को लेना प्रारम्भ करते हैं–वह मुनिवरो! देखो, सबसे प्रथम गुरुत्व, तरलत्व और तेजोमयी। ये तीन प्रकार के परमाणु हैं जिनको ले करके बेटा! मानव विज्ञानवेत्ता बनता है और वह विज्ञान में प्रविष्ट हो जाता है और विज्ञानवेत्ता बन करके बेटा! देखो, नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण करता है। अरे! यही तो तीन परमाणु हैं–गुरुत्व, तरलत्व और तेजोमयी। मेरे प्यारे! देखो, वायु इन परमाणुओं को गमन कराती रहती है और अन्तरिक्ष में मुनिवरो! वही परमाणु गमन करते रहते हैं जिन परमाणुओं को जान करके ऋषि-मुनि, नाना प्रकार के बेटा! यन्त्रों का और वैज्ञानिकजन इनमें परणित हो करके मेरे पुत्रो! नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण करते हैं और वह द्युलोक इत्यादियों को गमनता में रमण करने लगते हैं।

विचार आता रहता है, आज मैं तुम्हें दूरी नहीं ले जाऊँगा। विचार केवल ये कि महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा, हे ब्रह्मचारियों, यदि तुम्हें वैज्ञानिक बनना है तो तीन प्रकार के परमाणुओं को जानो और मानो वायु को उसमें समावेश कर दो। और मानो वायु को उसमें समावेश कर दो और अन्तरिक्ष में उसे गमन करा दो। और यही मुनिवरो! देखो, नाना रूपों

में परणित होने लगेगा। यही मानो देखो प्रसारण, ध्रुवा, ऊर्ध्वा और गतिवान् और मुनिवरो! आङ्कुचन ये तीन प्रकार की, पञ्च प्रकार की प्रकृति की अभ्योगति होती है जिसमें वैज्ञानिकजन अपने में गमन करता रहता है और विचारता रहता है। तो मेरे प्यारे! हम याज्ञिक बने और वो याग मुनिवरो! देखो, हम अपनी हृदयरूपी यज्ञशाला में बेटा! स्वाहा कर करके आहुति देते रहें। देखो, जैसे ''प्रथम ब्रह्माः वर्णम्'' मेरे प्यारे! देखो, हम आपोमयी और प्राण अपान की आहुति देते हुए व्यान में प्रवेश होते हुए और उदान में मुनिवरो! देखो, समावेशता को हम परणित हो जाते हैं। तो विचार आता रहता है, ऋषि कहता है कि हम देखो, इस प्रकार का याग करें।

हृदयरूपी यज्ञशाला में याग

हे ब्रह्मचारियो! यदि तुम्हें जल भी कहीं प्राप्त न हो तो मानो देखो, अपनी हृदयरूपी यज्ञशाला में, यह जो दस प्राण हैं। इन प्राणों का साकल्य बना करके तुम प्रत्येक इन्द्रियों में समोवश हो जाओ। और इन्द्रियों का साकल्य एकत्रित करके तुम हृदय में समाहित हो जाओ। और प्रत्येक हृदय की आभा को एकत्रित करते हुए तरङ्गों को एकत्रण करके तुम वैज्ञानिक बन जाओ। और वैज्ञानिकता में जिन तरङ्गों का प्रादुर्भाव होता है—सर्वत्रता को एकत्रित करके परमात्मा के हृदय में तुम समावेशता को प्राप्त हो जाओ। मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने इस प्रकार अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हे ब्रह्मचारियो! तुम मानो देखो, वैज्ञानिक बनो। वेद मन्त्र कहता है, याज्ञिक बनना हमारा कर्त्तव्य है और याग में परणित होना, ये हमारी प्रतिभा कहलाती है। क्योंकि यहाँ संसार प्रत्येक आभा में, मानो देखो, संसार में याग हो रहा है। तो मेरे पुत्रो! देखो, ऋषि ने जब इस प्रकार वर्णन कराया उन्होंने कहा, ''याज्ञम् भूतम्'' तो ब्रह्मचारियों ने ये कहा हे प्रभु! आगे प्रश्न करना तो व्यर्थ है हमारा। उन्होंने कहा, आगे प्रश्न बन ही नहीं पाएगा तुमसे। क्योंकि तुम्हारे मस्तिष्क की इतनी ऊर्ध्वा गति नहीं है जो तुम आगे प्रश्न कर सको। उन्होंने कहा प्रभु, यह वाक्य तो मानो यथार्थ है परन्तु यदि हम

प्रश्न करने लगें। उन्होंने कहा, अति प्रश्न करने वाला इस मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। क्या वो प्रश्न करता रहता है और प्रश्न करने वाला प्रश्न ही करता रहता है। परन्तु देखो इन्द्रियों से परे चला जाता है और जब इन्द्रियों से परे का कोई भी महापुरुष उत्तर नहीं दे पाता तो प्रश्नकर्त्ता को अभिमान की मात्रा जागरुक हो जाती है और अभिमान ही संसार में देखो मृत्यु का कारण है। यदि अभिमान नहीं होगा तो मृत्यु नहीं होगी, इसीलिए अभिमान ही मृत्यु का मूल कहलाता है। इसीलिए आगे प्रश्न करना तुम्हारे लिए व्यर्थ है। मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्मचारीजन बोले, हे प्रभु! ये तो आपने हमें ऐसा सीमाबद्ध कर दिया है कि जिससे हम मानो अपने में प्रश्न नहीं कर पाते। परन्तु हम एक प्रश्न तो कर सकते हैं प्रभु! क्या ''द्यौअम् भूः शरणम् ब्रव्हे क्रतम् चित्राम् वृथम् तस्तुतम् दिव्यम् गतम् ब्रह्माः''।

द्यौ की प्रतिष्ठिता

मेरे प्यारे! ब्रह्मचारियों ने ये प्रश्न किया और वेद मन्त्र के द्वारा उन्होंने कहा प्रभु! हम ये तो प्रश्न कर सकते हैं कि हमारा जो शब्द जो याग में परणित होने वाला जो शब्द है वो कहाँ जाता है? मेरे प्यारे! देखो, वह महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा कि वो शब्द तुम्हारा, द्यौ में प्रवेश हो जाता है। यदि वो तुम्हारी नम्रता से और वेद मन्त्रों की आभा में सना हुआ शब्द है, वही तो द्यौ में प्रवेश हो जाता है। उन्होंने कहा प्रभु! हमारी यहाँ आ करके सन्तुष्टि होने लगती है। परन्तु देखो ये द्यौ कहाँ प्रतिष्ठित हो जाता है। उन्होंने कहा, ये जो द्यौ है, ये मानो देखो, अग्नि और देखो मानो शब्द के मध्य में विद्यमान रहता है। जब मानो देखो, स्वाहा उच्चारण करता है यजमान और स्वाहा के साथ में ही मानो देखो, उसकी आभा निहित रहती है। तो उस मानो देखो, वेद मन्त्रों का जब उद्गीत गाया जाता है तो अग्नि की धाराओं का जन्म होता है और उसके मध्य में ही मानो देखो, ये शब्द विद्यमान रहता है। और द्यौ से भी ऊर्ध्वा में गमन करता हुआ चित्रों का स्वामित्व करने वाला है।

मेरे प्यारे! देखो, इस प्रकार ऋषि ने, जब मानो देखो ब्रह्मचारियों ने, ऋषि और ब्रह्मचारियों का दोनों का सम्पर्क और उनकी विचारधाराओं में प्रारम्भ रहीं तो ब्रह्मचारी मौन हो गए। ब्रह्मचारी ने कहा, प्रभु! आपका जो ज्ञान है वह बड़ा अनुपम है। मानो तुम्हारी जो धाराएँ हैं उद्गीत गाने की, वह बड़ी विचित्रत्व मानी गयी हैं।

मेरे प्यारे! देखो, आज का हमारा ये वाक्य क्या कह रहा है कि ''यज्ञम् भवितम् ब्रह्माः'' क्या ये संसार एक प्रकार की यज्ञशाला है। परन्तु इसमें जो भी प्राणी आया है, वो याग करने के लिए आया है। मेरी प्यारी! माता याग करने के लिए आयी है। मानो देखो कन्या बन करके देवलोक में गमन करना, पितर लोकों में गमन करना और उसके पश्चात् कुलेश्वरों को प्राप्त हो करके वह देखो उपार्जन करने वाली, सन्तान को जन्म देने वाली याज्ञिक बन जाती है। तो मेरे प्यारे! देखो इस सम्बन्ध में, मैं तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट करना नहीं चाहता। आज का विचार-विनिमय क्या है हमारा, क्या हम मुनिवरो! देखो, अपने में प्रोक्षण करते चले जाएँ। अब मानो देखो, मेरे प्यारे देखो महानन्द जी दो शब्द उच्चारण करेंगे।

पूज्य महर्षि महानन्द मुनि जी के उद्गार

ओ३म् दिव्याम् गतम् ब्रह्मणाः वायु रेवम् भविताः।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! अथवा मेरे भद्र ऋषि मण्डल! अभी-अभी मेरे पूज्यपाद गुरुदेव गागर में सागर की कल्पना कर रहे थे। मानो गागर में सागर की कल्पना ही एक मानवीय जीवन कहलाता है। क्योंकि इनका बड़ा भव्य एक उपदेश और मानो हमारे अन्तर्हृदयों को उज्ज्वल बनाने वाला है। और जब मानव का हृदय उज्ज्वल हो जाता है तो महानता में परणित हो जाता है। आज हमारी ये जो वाणी जा रही है–जिस स्थली पर ये हमारी वाणी जा रही है वहाँ एक याग का आयोजन हुआ और यजूंषि याग का वर्णनम् ब्रहे हमारे वैदिक साहित्य में बड़ा महत्त्वपूर्ण रहा है। क्योंकि यजूंषि याग में जहाँ अश्वमेध यागों का वर्णन आता रहता है वहाँ देवी याग का भी

वर्णन है जो पूज्यपाद गुरुदेव प्रगट करा रहे थे। और जहाँ देवी याग का वर्णन है वहाँ अग्निष्टोम याग, वाजपेयी याग और भी नाना प्रकार के यागों का वर्णन होता रहता है। परन्तु हमारे यहाँ देखो ये जो अश्वमेध याग है, ये हमारे देखो, यहाँ राज्य, राष्ट्र और प्रजा को दोनों को ही ये याग करने चाहिए। क्योंकि वास्तव में मेरा जो अन्तरात्मा है, आज जहाँ याग, वहाँ मेरा अन्तरात्मा यजमान के साथ रहता है। और मैं ये कहा करता हूँ हे यजमान! तेरे ग्रह में द्रव्य का सदैव सदुपयोग होता रहे। और मेरा अन्तरात्मा ये सदैव तेरे साथ रहता है कि तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। हमारे यहाँ देखो जिस याग, यजूंषि यागों का वर्णन हो रहा है उनमें वाजपेयी याग और अग्निष्टोम याग का वर्णन है। और अश्वमेध याग का भी वर्णन है—अश्व कहते हैं राजा को और मेध कहते हैं प्रजा को। जब राष्ट्र और प्रजा दोनों मानो सम्मिलित हो करके जब याग करते हैं तो याग अपने में सम्पन्नता को प्राप्त हो जाता है। और यही याग अपने में मानो देखो सार्थक बनता है और प्रजा अपने में सुगन्धता को अनुभव करने लगती है। जब मैं ये विचरता रहता हूँ। मैं यागों का वर्णन करता हूँ आधुनिक जगत में, राष्ट्रीयता में जब मैं परणित होने लगता हूँ तो पूज्यपाद गुरुदेव को राष्ट्र की चर्चा करता रहता हूँ। हमारे यहाँ राम देखो, राम के काल में भी अश्वमेध याग होते थे। रावण के यहाँ भी अश्वमेध याग होते। **अश्मेध याग का अभिप्रायः यही है** कि प्रजा और राजा मेल करते हुए अपने में याज्ञिक बने रहते और वही याग अपने में बड़ा सार्थक बन करके समाज को उन्नत बनाता है। परन्तु देखो एक मध्यम अश्वमेध याग का एक महत्त्व और भी माना गया है। क्या राजा और प्रजा मिल करके देखो एकोकी ''धर्मज्ञम् ब्रह्माः'' एक मानो देखो अपनी आभा को अपना करके, जिससे राष्ट्र और समाज ऊँचा बनता हो वही मानव का क्रियाकलाप और धर्म माना गया है। देखो ''धर्मणनम् ब्रव्हे क्रतम्'' जब वेदरूपी प्रकाश को अपनाने के पश्चात् मानव धर्मज्ञ बन जाता है और वही धर्मज्ञ बन करके देखो, राष्ट्र को उन्नत बनाता है। क्योंकि राष्ट्र का जब भी विनाश हुआ है, राष्ट्र में जब भी रक्तमयी क्रान्ति आयी है तो

वह नाना प्रकार की रूढ़ियों से आती है। जब ईश्वर के नामों पर नाना प्रकार की रूढ़ियों का प्रादुर्भाव हो जाता है और रूढ़ियाँ देखो, राष्ट्र के लिए घातक बन जाती हैं।

महाभारत काल के पश्चात्

आज मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को ये वर्णन कराना चाहता हूँ क्या बहुत काल से ही, महाभारत काल के पश्चात् से यहाँ ह्रास होता चला आया। मानो देखो, मेरी प्यारी! माताओं को, माता स्वीकार न करते हुए इनके ऊपर नाना प्रकार के देखो अलङ्कारिक वार्त्ताओं की वृत्तिका निहित रही। और देखो इसी प्रकार मानव समाज में भी नाना प्रकार के मानव को विभक्त करते हुए मानव को देखो, अन्धकार में पहुँचाने का प्रयास किया गया। क्योंकि राष्ट्रीयता देखो इतनी दूषित हो गयी थी राष्ट्र, राष्ट्र नहीं रहा। राष्ट्र मानो देखो, अन्धकार में चला गया। और उसका कारण ये था कि क्योंकि राजाओं का जो निर्वाचन है वह बुद्धिमानों के द्वारा नहीं हुआ। और जब बुद्धिमानों के द्वारा राष्ट्र का निर्वाचन होता है, विवेकी पुरुषों के द्वारा, त्यागी पुरुषों के द्वारा तो राष्ट्र मानो देखो अश्वमेध याग करने का उसे अधिकार होता है। वही राजा अश्वमेध याग करता है।

मैंने अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रगट कराते हुए कहा, क्या ये संसार मानो देखो ऐसा अधमवृत्तियों में रत्त हो गया है। मैं राष्ट्र के सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं दे रहा हूँ। केवल इतना उच्चारण कर रहा हूँ, क्या आधुनिक काल का जो राष्ट्रवेत्ता है, वह इस प्रकार की नीति कि मेरा आसन बना रहे परन्तु ये राष्ट्र देखो, मृत्यु को प्राप्त हो जाए तो होने दीजिए। परन्तु मेरी स्थली बनी रहे जिससे मैं अपने में मानो देखो पालन-पोषण अच्छी प्रकार कर सकूँ। यहाँ अपने पालन-पोषण की है, समाज के पालन-पोषण की कोई आकृतियाँ नहीं है।

विचार आता रहता है, मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को वर्णन करा रहा हूँ। ये नाना प्रकार की जो रूढ़ियाँ हैं। हे राजन्! यदि तू महान् बनना चाहता

है, हे राजन्! यदि परमात्मा की वाणी को तू उन्नत बनाना चाहता है। तो तूझे रूढ़ियों के ऊपर अनुशासन करना होगा। यदि नाना प्रकार की ईश्वर के नाम पर रूढ़ियाँ बनी रहीं तो यही रूढ़ियाँ देखो मानव के रक्त के लिए तत्पर रहती हैं और रक्तभरी क्रान्तियाँ आ जाती हैं।

आधुनिक काल

देखो, मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! मैं आपको इसलिए वर्णन करा रहा हूँ, क्या मैं इस समाज को दृष्टिपात करता रहता हूँ। आधुनिकता में मानो स्वार्थपरता है और सुरा और सुन्दरियों में मानव रत्त हो रहा है। देखो वह द्रव्यता में देखो रत्त है। द्रव्य और सुन्दरी अमृतम् और देखो वह ''अस्सुताः वर्णम् ब्रह्मेः'' देखो सुरा में पान कर रहा है। विचार आता रहता है इसका दायित्व तो राष्ट्र के ऊपर होता है। और जब राजा राष्ट्र स्वयं, स्वयं इस प्रकार का बन जाए तो देखो इसका किसके ऊपर दायित्व हो सकता है। हे प्रभु! ब्रह्मणेः, वह तो एक प्रभु ही रह जाता है। परन्तु देखो समाज में एक-दूसरे में, मेरे पूज्यपाद गुरुदेव माला में माला को धारण करते रहते हैं और माला की चर्चा करते रहते हैं। ये समाज, माला में कटिबद्ध नहीं रहा है, ये केवल देखो रूढ़िवाद में परणित है। राजा ब्रह्मज्ञानी नहीं होता। जब राजा ब्रह्मज्ञानी और विवेकी होता है और गुरुओं के द्वारा उसका निर्वाचन होता है तो राष्ट्र उन्नत हुआ करता है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव, मैं विशेषता में नहीं ले जा रहा हूँ। विचार केवल मेरे हृदय में एक दाह बनी रहती है क्या राष्ट्र कैसे ऊँचा बने। वह मनु और कालेत्वर ऋषि का वो सिद्धान्त कहाँ चला गया देखो जो बारह-बारह वर्षों तक राजा मानो देखो, पालन करते थे। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने वर्णन कराया तप करने के पश्चात् बारह वर्ष का अनुष्ठान करके और व तपस्या करने के पश्चात् उन्होंने अयोध्या राष्ट्र को अपनाया। ऐसे महापुरुष, ऐसे राजा जब राष्ट्र का निर्वाचन करते हैं तो वह राष्ट्र पवित्र होता है। और राजा तपस्वी

होना चाहिए। और जब राजा देखो सुरा और सुन्दरियों में परणित रहता है तो मानो इसका दायित्व राष्ट्र के ऊपर नहीं। वह तो, मैं तो प्रभु से ये कहा करता हूँ, प्रभु! आप ही इसके दायित्व के अस्सुतम्, आप ही स्वामित्व है और इसकी रक्षा कीजिए प्रभु! तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! मैं कई समय अपने हृदय में ये स्वीकार करता रहता हूँ, क्या वो जगत कहाँ चला गया। वह जगत परमात्मा की प्रतिभा में चला गया या विनाश को प्राप्त हो गया। आधुनिक काल का जो जगत है। मानो देखो, वह अज्ञानम् देखो वह वाममार्ग का काल मैं इसको कह सकता हूँ। वाममार्ग उसे कहते हैं जो उल्टे मार्ग पर गमन करने वाला है। जो देखो, वह राजा भी उल्टे मार्ग पर है, प्रजा भी उल्टे मार्ग पर है। रूढ़ियों को महत्त्व देना, ये राष्ट्र का विनाश करना है। और रूढ़ियों को देखो अपने सम्पर्क में लाना ही रक्तभरी क्रान्ति को लाना है। इसीलिए मैं आज विशेष चर्चा तुम्हें प्रगट करना नहीं चाहता हूँ। मैं तो अपने पूज्यपाद गुरुदेव के विचारों को ले करके अपने विचार व्यक्त करता रहता हूँ। जब तक राष्ट्र तपस्वी नहीं होगा और ब्रह्मवेत्ताओं के द्वारा उसका निर्वाचन नहीं होगा, जब तक देखो मानव समाज अश्वमेध याग में राजा परणित नहीं होगा तब तक यह समाज ऊँचा नहीं बनेगा। समाज को उन्नत बनाना है, समाज को महान् बनाना है और वो महान् जब ही बनेगा, जब तक महिमा का हमारे समीप तपस्यम् ब्रह्माः व तप अग्रणीय होगा।

यजमान को आशीर्वाद

अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाने से पूर्व हे यजमान! तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे और ग्रह में द्रव्य का सदुपयोग होता रहे। ऐसा मेरा अन्तरात्मा यजमान के साथ रहता है। मैं कुछ राष्ट्र की चर्चा भी कह जाता हूँ परन्तु देखो यह विशेषता नहीं। केवल मेरा तो इतना मन्तव्य रहता है हे यजमान! तेरी महानता विचित्र बनी रहे और ग्रह में सदुपयोग होता रहे। ये आज का वाक्। अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा।

पूज्यपाद-गुरुदेव

मेरे प्यारे! ऋषिवर, अभी-अभी मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने विचार दिए। इनके विचारों में कितनी दाह बनी हुई है राष्ट्र के प्रति, कितनी महानता में ये जाना चाहते हैं। मानो देखो, इनका हृदय तो सदैव राष्ट्र के लिए आलाहित रहता है इसीलिए वे प्रभु से कहते रहते हैं हे प्रभु! तेरी अनुपम कृपा हो जाए तो मानो तेरे ऐसे-ऐसे महापुरुषों का जन्म हो जाए– राम जैसे सखा जो तपस्वियों में रत्त रहने वाले हों और तप में ही अपने राष्ट्र को ले जाने वाले हों। ऐसे महापुरुषों का जन्म होना चाहिए। और ये मानो वाममार्ग की प्रतिभा समाप्त हो जाए। सुरा और द्रव्य में मानव को रत्त नहीं रहना चाहिए। जिससे मानव अपने में महानता का दर्शन करता रहे। तो आज का विचार समाप्त।

आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः ये, क्या हमारा याग सम्पन्न हो और याग में हम परणित हो जाएँ। आज का विचार समाप्त, अब वेदों का पठन-पाठन।

''ओ३म् देवाः आभ्याम् रथम् मनाः वायु गतहम्।''
''ओ३म् रेवम् गताः वाचन्नमः''
''ओ३म् यश्शचारि ग्रहीवरुणा वायु गतम् मनु वायाः''

महर्षि महानन्द मुनि जी–अच्छा भगवन्!
पूज्यपाद-गुरुदेव–आनन्दित रहो!

दिनाँक : 7 अप्रैल, 1990
स्थान : श्री विजेन्द्र सिंह त्यागी
ग्राम भटौला, बुलन्दशहर
उत्तर प्रदेश

॥ ओ३म् ॥

महर्षि भारद्वाज श्वेताश्वेतर

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं। और जितना भी ये जड़-जगत, चेतन्य-जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वे परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं। क्योंकि वो अनुपम हैं और वे ज्ञान और विज्ञानमयी कहलाते हैं। क्योंकि सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके, वर्तमान के काल तक नाना विज्ञानवेत्ता हुए हैं परन्तु कोई विज्ञानवेत्ता ऐसा नहीं हुआ जो उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान को सीमाबद्ध कर सके। क्योंकि वो सीमा से रहित हैं। वो सीमा में आने वाले नहीं हैं इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महत्ती और उसके गुणों का गुणवादन करते रहते हैं। हमारे यहाँ जिस भी काल में ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान हुए हैं और विचार-विनिमय उन्होंने प्रारम्भ किया। उन्होंने बेटा! देखो, पिण्ड और ब्रह्माण्ड को एक सूत्र में लाने का प्रयास किया क्योंकि जो मानवीय पिण्डों में गति हो रही हैं, वही ब्रह्माण्ड में गतियाँ हो रही हैं। जो सर्वत्र ब्रह्माण्ड में गतियाँ हो रही हैं, वो एक-एक परमाणुवाद में हो रही है।

ऋषि-मुनियों का चिन्तन व अन्वेषण

मुझे बेटा! स्मरण आता रहता है, एक समय बेटा! रेवक मुनि महाराज

से ब्रह्मचारी वृत्तिका ने एक प्रश्न किया था। क्या महाराज एक परमाणु है और उस परमाणु में ब्रह्माण्ड है, ये कैसे हो सकता है? मेरे पुत्रो! देखो वृत्तिका ब्रह्मचारी और गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज, महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज की विज्ञानशाला में पहुँचे और उनकी विज्ञानशाला में बेटा! वो जो नाना ब्रह्मचारी थे। ब्रह्मचारी सुकेता और कवन्धि, एक ही स्थली पर विद्यमान थे और यही विचार-विनिमय कर रहे थे कि परमाणुवाद क्या है? तो गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज ने कहा, हे ब्रह्मचारियो! तुम्हारे यहाँ एक परमाणु के ऊपर विश्लेषण हुआ है और उसके गर्भ को हम जानना चाहते हैं। तो मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने एक परमाणु का, वृत्तिका नामक परमाणु को उन्होंने जाना। उसका जो विभाजन किया मानो उस परमाणु के गर्भ में बेटा! सर्वत्र ब्रह्माण्ड का दर्शन हो रहा था। उन्होंने बेटा! देखो, समाधि के द्वारा, यन्त्रों के द्वारा उसे जानने का प्रयास किया। तो आज बेटा! मैं तुम्हें विज्ञान में ले जाना नहीं चाहता हूँ। केवल ये कि परमात्मा का विज्ञान इतना अनन्तमयी है, क्या एक-एक परमाणुवाद में ब्रह्माण्ड निहित रहता है इसीलिए इस ब्रह्माण्ड को उन्होंने देखो पिण्ड से उसका समन्वय किया और विचार-विनिमय किया है।

मेरे पुत्रो! हमारे यहाँ नाना ऋषिवर, अपनी-अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान के ऊपर प्रायः अन्वेषण करते रहे हैं और विचार-विनिमय करते रहे हैं ''ममत्वाम् लोकाम् हिरण्यम् वृथाः''। हे माता! तू ममत्व को धारण करने वाली है परन्तु जब तू अपने में अपनेपन की आभा को परणित करने लगती है तो ये मानवीयत्व अपनी आभा में सदैव रमण करने लगता है। तो आओ बेटा! देखो, आज मैं तुम्हें विशेषता में नहीं ले जा रहा हूँ। आओ, मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें एक ऋषि के आसन पर ले जा रहा हूँ जहाँ बेटा! देखो, ऋषि अपने में अन्वेषण करते रहे हैं और ऋषि-मुनियों के मध्य में विद्यमान हो करके मानव अपने में मानवीयता की ऊर्ध्वा में उड़ाने उड़ने लगता है। तो ज्ञान और विज्ञान अपनी आभा में सदैव रमण करता रहा है।

गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज का जीवन

आओ बेटा! आज मैं तुम्हें गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज के आश्रम में ले जाना चाहता हूँ जहाँ बेटा! नाना ऋषिवर विद्यमान हो करके अपने में विचार-विनिमय करते रहे हैं। मेरे पुत्रो! देखो मुझे स्मरण आता रहा है, गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज इतने तपस्वी थे क्या एक सौ पाँच वर्ष तक उन्होंने बेटा! एक गाड़ी के नीचे अपने जीवन को व्यतीत किया और वह मानो देखो, अपने में निध्यासन करते रहे और मुनिवरो! देखो तपों में परणित होते रहे। **तप क्या है?** मानव की पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं, इनके विषयों को बेटा! मन में समावेश करना है और मन को प्राण में समावेश करना है। और प्राणों को विचारों में समावेश करना है। और मुनिवरो! देखो हृदयस्थली में जहाँ ये ब्रह्माण्ड की प्रतिभा निहित रहती है इस हृदय से हृदय का समन्वय करना है। तो मेरे प्यारे! देखो, इसी का नाम तप कहा गया है।

अनुष्ठान

आओ बेटा! आज मैं तुम्हें एक ऋषि के आसन पर, जहाँ मुनिवरो! देखो, महर्षि प्रह्लाण, महर्षि शिलक, महर्षि दालभ्य और देखो ब्रह्मचारी वृत्तिका, देवर्षि वृत्ति अस्सुतम् देवर्षि नारद और मुनिवरो! देखो महर्षि श्वेताश्वेतर, अभ्युत ऋषि महाराज, गाड़ीवान वृत्तिका, मेरे प्यारे! देखो महर्षि विभाण्डक, महर्षि वैशम्पायन, ब्रह्मचारी व्रेतकेतु, ब्रह्मचारी रोहिणीकेतु, ब्रह्मचारी यज्ञदत्ताः, ब्रह्मचारी वृतासुतः, मेरे प्यारे! देखो, नाना ऋषि-मुनि कुछ अन्य ब्रह्म जिज्ञासु थे, कुछ ब्रह्मवेत्ता थे। सर्वत्र मानो देखो, अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज से ये प्रश्न किया क्या हे भगवन्! आपको बहुत समय हो गए हैं नाना प्रकार के अनुष्ठान करते हुए। ये अनुष्ठान क्यों किए जाते हैं? तो गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज ने ये कहा ''वेदम् ब्रह्माः मृत्यंजम् प्रकाशम् भवितम् ब्रह्मेः'' वेद का ऋषि कहता है कि इसीलिए अनुष्ठान किए जाते हैं कि मानव मृत्यु से पार हो जाए। उसके

जीवन में मृत्यु नहीं आनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक मेरी प्यारी! माता ये चाहती है, मेरी मृत्यु नहीं होनी चाहिए और मेरे पुत्र की भी मृत्यु नहीं होनी चाहिए।

मृत्यु की विवेचना

परन्तु प्रश्न अब ये आता है, क्या यह मृत्यु क्या है? क्योंकि जिस वस्तु का निर्माण होता है उसका तो विच्छेद बहुत अनिवार्य होता है, उसका विच्छेद होना है, विकृत होना है और उसमें मानो समावेशता भी होनी बहुत अनिवार्य है। तो इसीलिए वह मृत्यु अमृतम्, देखो इसके लिए मानव पुकार रहा है वो क्या है? मेरे प्यारे! वेद का ऋषि कहता है ''प्रकाशम् भवितम् ब्रह्मेः अस्सुतम् देवाः'', क्या **प्रकाश का नाम ही तो जीवन है** और अन्धकार का नाम ही मृत्यु कहा जाता है। मेरे प्यारे! देखो एक माता अपने पुत्र के लिए व्याकुल हो रही है और वह व्याकुलता ये है कि मेरा पुत्र मृत्यु को प्राप्त हो गया है। परन्तु एक दार्शनिक ज्ञाता, वो कहता है हे माता! तू क्यों रूधन कर रही है? माता कहती है, मेरा पुत्र मृत्यु को प्राप्त हो गया है। वह कहता है अमृतम्, हे माता! यह आत्मा तेरा पुत्र है या शरीर तेरा पुत्र है? तो बेटा! माता निरुत्तर हो गयी। वह यदि शरीर को अपना पुत्र कहती है तो शरीर ज्यों का त्यों निहित है परन्तु आत्मा को पुत्र कहती है तो आत्मा को जानती नहीं है, आत्मा कितना विशाल है। मेरे प्यारे! माता निरुत्तर हो जाती है। तो विचार आता है कि मृत्यु अपने में कोई मृत्यु नहीं होती। अन्धकार का नाम ही मृत्यु है। इसलिए अज्ञान नहीं रहना चाहिए। ज्ञान होना चाहिए, प्रकाश होना चाहिए और उसी प्रकाश में मानव को रत्त रहना चाहिए।

मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने जब इस प्रकार वर्णन किया। गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज से ऋषि-मुनियों ने कहा, हे प्रभु! हम ये और जानना चाहते हैं आपने जो ये अनुष्ठान किए हैं, ये क्यों किए हैं इतने। आप तो गाड़ी के नीचे ही मानो अपने जीवन को व्यतीत कर रहे हैं। गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज ने कहा, हे प्रभु! हे ब्रह्मचारियो! हे ब्रह्मवेत्ताओ! मैं तो इसका एक ही सहज उत्तर दे सकता हूँ इतना अधिक विशेष तो हम जान नहीं पाए हैं

इस सम्बन्ध में। क्या मानव को जितनी भी आवश्यकता सूक्ष्म हो, मानो उतना ही उसका जीवन महान् बना करता है। और उसके जीवन में मानो देखो, प्रकाश आता है और ज्ञान की अनुभूति होने लगती है और मनस्तत्त्व को मूल्य का समन्वय करते हुए वो अपनी आभा में परणित हो जाता है। मेरे प्यारे! देखो, गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज यह उत्तर दे करके मौन हो गए।

याग द्वारा तरङ्गवाद का यन्त्रों में दर्शन

